कार्यालयः जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,चम्पावत।
E- mail : dauo.champawat@uttarakhandayurved.co.in
Mobile No. – 7579476485

संख्या – 3608-17/योग अनुदेशक नियुक्ति/2024–25 दिनांक 11, अक्टूबर, 2024।

## –:विज्ञप्ति:–

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (आयुष) चौड़ाकोट में (पुरूष) अभ्यर्थी तथा मण्डलक, डुंगराबोरा, बिरगुल, ओखलंजा, सिमलखेत (सूची संलग्न) में कुल 05 महिला अभ्यर्थी दैनिक योगाभ्यास कराये जाने हेतु योग अनुदेशकों से निम्न सेवा शर्तो एवं प्राविधानों के अन्तर्गत चयन समिति के सम्मुख आयोजित वाक इन इन्टरव्यू के माध्यम से चयनोपरान्त कार्य लिया जाना प्रस्तावित है–

**वॉक इन इन्टरव्यू की निर्धारित तिथि– दिनांक 21.10.2024 दिन सोमवार समय प्रातः 10:30 से 05:00 बजे तक स्थान कार्यालय जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी चम्पावत, निकट छतार टी0वी0एस0 शो0 रूम में आयोजित की जायेगी इसके पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समिति द्वारा किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा, योग अनुदेशकों का कार्यविवरण व शेष शर्ते निम्नवत है–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य लिये जाने का प्रकार | दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर |
| 2 | आयु–सीमा | न्यूनतम 21 वर्ष |
| 3 | शैक्षिक योग्यता | न्यूनतम इन्टरमीडियट |
| 4 | व्यवसायिक योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से बी0ए0 योग/बी0एस0सी0 योग/बी0पी0एड0 (जिसमें न्यूनतम 06 माह योग की एक विषय के रूप में अध्ययन किया गया हो)/एम0ए0योग/योग में 01 वर्षीय डिप्लोमा<br>**अथवा**<br>भारतीय चिकित्सा परिषद्, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक डिप्लोमा कोर्स<br>**अथवा**<br>इण्टरमीडिएट के पश्चात् योग सर्टिफिकेशन बोर्ड (वाई0सी0बी0) से प्रमाण पत्र प्राप्त व अर्हता पूर्ण करनें वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| 5 | कार्य अवधि (पुरूष) हेतु | प्रत्येक माह 01 घण्टे के 32 योग सत्र संचालित कराना |
| 6 | कार्य अवधि (महिला) हेतु | प्रत्येक माह 01 घण्टे के 20 योग सत्र संचालित कराना |
| 7 | पारिश्रमिक | पुरूषों हेतु रू0. 250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र/अधिकतम रू0. 8000.00 प्रतिमाह)<br>महिलाओं हेतु रू0. 250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र/अधिकतम रू0. 5000.00 प्रतिमाह) |

- चयन वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
- चयनित योग अनुदेशकों की नियुक्ति पूर्ण अस्थाई होगी।

- योग अनुदेशकों के कार्यो का दैनिक मूल्यांकन के आधार पर दैनिक पारिश्रमिक का निर्धारण रू0. 250.00 प्रति योग सत्र (प्रतिदिवस एक घण्टे का योगसत्र) के आधार पर किया जायेगा, जिसका भुगतान मासिक रूप से किया जायेगा, जो कि अधिकतम रूपये 8000.00 (पुरूष अनुदेशक हेतु) अधिकतम रूपये 5000.00 (महिला अनुदेशक हेतु) रहेगा।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करनें हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की योग्यता का मूल्यांकन अभ्यर्थी के निवास स्थान, शैक्षिक योग्यता, व्यवसायिक योग्यता, अनुभव, शारीरिक दक्षता, योग कौशल, व्यवहार कुशलता व आई0टी0 के सामान्य ज्ञान के आधार पर किया जायेगा।
- चयनित योग अनुदेशक से केवल एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ही कार्य लिया जा सकेगा।
- कार्य करनें हेतु सर्वप्रथम स्थानीय अभ्यर्थी (जिस ग्राम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित हो) को प्राथमिकता दी जायेगी।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करनें के इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी विभाग की वेबसाईट **www.utttrakhandayurved.co.in** तथा जनपद की **NIC** वेबसाईट **champawat.nic.in** अथवा निकटतम आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (आयुष) व जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय चम्पावत से प्राप्त कर सकते हैं।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करनें के इच्छुक अभ्यर्थी मूल अभिलेखों के सहित (समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, व्यावसायिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत, मूल निवास से निकटतम आयुष आरोग्य मन्दिर की दूरी का प्रमाण पत्र) दिनांक 21.10.2024 जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय चम्पावत में सम्पर्क करेंगे।
- अभ्यर्थी के निवास स्थान की पुष्टि आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, स्थाई अथवा मूल निवास प्रमाण पत्र (मूल अभिलेख) के आधार पर की जायेगी।
- केवल मान्यता प्राप्त संस्थानों व पंजीकृत चिकित्सालयों के द्वारा जारी किये गये व योग सम्बन्धी व्यावसायिक योग्यता प्राप्त किये जाने के उपरान्त का ही अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
- आई0टी0 सम्बन्धी ज्ञान का मूल्यांकन टंकण, इन्टरनेट, एम0एस0 ऑफिस सम्बन्धी सामान्य ज्ञान के आधार पर किया जायेगा (केवल पुरूष योग अनुदेशक हेतु)।
- चयनित अभ्यर्थी को कार्य में लिये जाने से पूर्व निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- जिन आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में योग अनुदेशक की नियुक्ति होनी है की सूची पृथक से संलग्न है।
- वॉक इन इन्टरव्यू में अभ्यर्थी को संलग्न प्रारूप पर आवेदन/विवरण उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

Avano

(डॉ0 आनन्द सिंह गुसाई)
जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
चम्पावत।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड देहरादून को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

2– जिलाधिकारी महोदय चम्पावत को सुलभ अवलोकनार्थ प्रेषित।

3– जिला सूचना अधिकारी चम्पावत को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के सूचना बोर्ड में चस्पा करने का कष्ट करें।

4– जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी चम्पावत को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को जनपदीय NIC वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

5– संबंधित चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकरी/सी0एच0ओं0/फार्मेसी अधिकारी को इस आशय के साथ कि आप सभी उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने चिकित्सालय में चस्पा करते हुए अपने–अपने क्षेत्र में विज्ञप्ति का प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।

6– जिला नोडल अधिकारी आयुष मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्कीय कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7– चयन समिति के समस्त सदस्यों को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

8– योगा पत्रावली/गार्ड फाईल।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
चम्पावत।

कार्यालयः जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,चम्पावत।

E- mail : dauo.champawat@uttarakhandayurved.co.in

Mobile No. – 7579476485

योग अनुदेशको के भर्ती हेतु रिक्तियों का विवरणः–

| क्र0स0 | चिकित्सालय का नाम | रिक्त पद का विवरण |
|---|---|---|
| 01 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौड़ाकोट | 01 अभ्यर्थी पुरूष |
| 02 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर ओखलंजा | 01 अभ्यर्थी महिला |
| 03 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर डुंगराबोरा | 01 अभ्यर्थी महिला |
| 04 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिमलखेत | 01 अभ्यर्थी महिला |
| 05 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर मण्डलक | 01 अभ्यर्थी महिला |
| 06 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिरगुल | 01 अभ्यर्थी महिला |

Anand

(डॉ0 आनन्द सिंह गुसाई)
जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
चम्पावत।